**SET – 3**

**Series : SSO/C**

**कोड नं.**
**Code No.** **57/3**

**रोल नं.**
**Roll No.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **26** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **8** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **26** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# जीव विज्ञान (सैद्धान्तिक)

# BIOLOGY (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घंटे ]* *[ अधिकतम अंक : **70***

*Time allowed : **3** hours ]* *[ Maximum Marks : **70***

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *प्रश्न-पत्र में **पाँच** खण्डों में **26** प्रश्न दिए गए हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *खण्ड – **A** में प्रश्न संख्या **1** से **5** अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iii)* *खण्ड – **B** में प्रश्न संख्या **6** से **10** लघु-उत्तरीय प्रश्न **I** प्रकार के हैं, प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है ।*

*(iv)* *खण्ड – **C** में प्रश्न संख्या **11** से **22** लघु-उत्तरीय प्रश्न **II** प्रकार के हैं, प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है ।*

*(v)* *खण्ड – **D** में प्रश्न संख्या **23** मूल्य आधारित प्रश्न **4** अंकों का है ।*

*(vi)* *खण्ड – **E** में प्रश्न संख्या **24** से **26** दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है ।*

*(vii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है, फिर भी **2** अंकों वाले एक प्रश्न में, **3** अंकों वाले एक प्रश्न में और **5** अंकों वाले सभी तीनों प्रश्नों में भीतरी चयन-विकल्प दिए गए हैं । प्रत्येक परीक्षार्थी को ऐसे प्रश्नों के दो विकल्पों में से कोई **एक** प्रश्न हल करना है ।*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

***General Instructions :***

*(i)* *There are a total of **26** questions and **five** sections in the question paper. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* *Section **A** contains questions number **1** to **5**, Very Short Answer type questions of **1** mark each.*

*(iii)* *Section **B** contains questions number **6** to **10**, Short Answer type **I** questions of **2** marks each.*

*(iv)* *Section **C** contains questions number **11** to **22**, Short Answer type **II** questions of **3** marks each.*

*(v)* *Section **D** contains question number **23**, Value Based Question of **4** marks.*

*(vi)* *Section **E** contains questions number **24** to **26**, Long Answer type questions of **5** marks each.*

*(vii)* *There is no overall choice in the question paper, however, an internal choice is provided in **one** question of **2** marks, **one** question of **3** marks and all the **three** questions of **5** marks. In these questions, an examinee is to attempt any **one** of the **two** given alternatives.*

## खण्ड – A

## SECTION – A

1. किस आधार पर मानव त्वचा का रंग अनेकजीनी माना जाता है ? **1**

On what basis is the skin colour in humans considered polygenic ?


2. दूध को जमाने (दही बनाने) के अतिरिक्त लैक्टिक अम्ल बैक्टीरिया हमारे लिए क्यों लाभकारी होते हैं ? **1**

How is lactic acid bacteria beneficial to us other than helping in curdling the milk ?

3. भारतवर्ष के पश्चिमी घाटों को जैव हॉट-स्पॉट क्यों घोषित किया गया है ? **1**

Why Western Ghats in India have been declared as biological hot-spots ?

4.




यहाँ दिए गए चित्र को पहचानिए तथा उस कायिक भाग की चर्चा कीजिए जो उसे जनन में मदद करता है । **1**



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

Identify the picture and mention the vegetative part that helps it to propagate.



5. क्लाइनेफ़ेल्टर सिंड्रोम से ग्रस्त व्यक्तियों में पाए जाने वाले क्रोमोसोमी (गुणसूत्री) प्रभाव बताइए । **1**

Write the chromosomal defect in individuals affected with Klinefelter's syndrome.

## खण्ड – B

## SECTION – B

6. निम्नलिखित के कार्य बताइए : **2**

(a) cry 1AC जीन


(b) RNA व्यतिकरण (RNAi)

Write the functions of

(a) cry 1AC gene


(b) RNA interference (RNAi)

7.




(a) CFC का पूरा नाम लिखिए ।

(b) यह ओज़ोन को किस प्रकार ऑक्सीजन में निम्नीकृत कर देता है ? **2**




(a) Expand CFC.

(b) How does it reduce ozone to oxygen ?



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

8. मानव जनसंख्या के स्थायी और घटती आयु के पिरैमिडों के नामांकित आरेख बनाइए । **2**

Draw labelled diagrams of stable and declining age pyramids of human population.

9. स्त्री में कॉर्पस ल्यूटियम की क्या नियति होती है यदि अंडाणु (i) निषेचित हो जाता है, या (ii) निषेचित नहीं होता ? **2**

**अथवा**

नरम नारियल के पानी और परिपक्व नारियल की मोटी, सफेद गिरी में अंतर बताइए तथा उनमें गुणसूत्र-संख्या भी बताइए ।

What happens to corpus luteum in human female if the ovum is (i) fertilized, (ii) not fertilized ?

**OR**

Write the difference between the tender coconut water and the thick, white kernel of a mature coconut and their ploidy.

10. प्रथम मानव-जैसे होमेनिड का नाम लिखिए । उसकी खाद्य-प्रवृत्ति और मस्तिष्क-धारिता बताइए । **2**

Name the first human like hominid. Mention his food habit and brain capacity.

## खण्ड – C
## SECTION – C

11. (a) सुदम और दुर्दम अर्बुदों (ट्यूमरों) में अंतर बताइए ।

(b) हाल ही जन्मे बच्चे के लिए नवदुग्ध क्या एक वरदान होता है ? **3**

(a) Differentiate between benign and malignant tumours.

(b) Why is colostrum a boon to the newborn baby ?

12. पारिस्थितिक अनुक्रमण क्या होता है ? अनुक्रमण की दर एक नए-नए स्थापित तालाब में अथवा जंगल की आग से नष्ट हुए एक वन में से किसमें अधिक तीव्र गति से होगी और क्यों होगी ? **3**

What is ecological succession ? Where and why would the rate of succession be faster in newly created pond or a forest destroyed by a forest fire ?

13. यदि किसी परिवार में हीमोफिलिया नामक रोग का इतिहास है, तब उस परिवार की स्त्रियों की अपेक्षा पुरुषों में हीमोफ़िलिया रोग होने के अधिक संयोग होते हैं । **3**

(a) ऐसा क्यों होता है ?

(b) इस बीमारी के रोग लक्षण बताइए ।

If there is a history of haemophilia in the family, the chances of male members becoming haemophilic are more than that of the female.

(a) Why is it so ?

(b) Write the symptoms of the disease.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

14. (a) एक्सॉनों और इंट्रॉनों में अंतर बताइए ।

(b) प्लाज़्मिड क्या होता है ? इसका चयन बैक्टर की भाँति क्यों किया जाता है ? **3**

(a) Differentiate between exons and introns.

(b) What is a plasmid ? Why is it selected as a vector ?

15. जीवाश्मों का अध्ययन विकास का किस प्रकार समर्थन करता है ? समझाइए । **3**

**अथवा**

हार्डी वाइनबर्ग का साम्य अवस्था का नियम किस बात का संकेत करता है ? उन किन्हीं दो कारकों के नाम बताइए जो साम्यता में परिवर्तन ला सकते हैं । इस प्रकार के परिवर्तन आने से क्या घटना हो सकती है ?

How does the study of fossils support evolution ? Explain.

**OR**

What does Hardy-Weinberg Principle of equilibrium indicate ? List any two factors that could alter the equilibrium. What would such an alteration lead to ?

16. प्लाज्मोडियम किस अवस्था पर मानव शरीर के भीतर प्रवेश करता है । मानव शरीर में उसके जीवन-चक्र की विभिन्न अवस्थाओं का वर्णन कीजिए । **3**

At what stage does Plasmodium gain entry into the human body ? Write the different stages of its life cycle in the human body.

collegedunia.com India's largest Student Review Platform

17. क्लोनिंग वेक्टर pBR 322 में निम्नलिखित के कार्य बताइए : **3**

(i) Ori, (ii) rop और (iii) Hind III स्थल

State the functions of the following in the cloning vector pBR322 :

(i) Ori, (ii) rop, and (iii) Hind III sites

18. उच्च उत्पादन करने वाली गाय खाद्य-वृद्धि का एक उत्तम हल है । MOET प्रौद्योगिकी से गोवृंद की वृद्धि में किस प्रकार सहायता मिलती है ? **3**

High yielding cattle is a good solution for food enhancement. How does the MOET technology help to increase the herd size ?

19. अपने आर्तव-चक्र के दौरान सामान्य स्त्री में निम्नलिखित दिनों में होने वाली घटनाओं की व्याख्या कीजिए : **3**

(a) आठवें दिन से लेकर बारहवें दिन तक पिट्यूटरी हॉर्मोन का स्तर ।

(b) तेरहवें दिन से लेकर पंद्रहवें दिन तक गर्भाशय में होने वाली घटनाएँ ।

(c) सोलहवें दिन से लेकर तेईसवें दिन तक अंडाशय में होने वाली घटनाएँ ।



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

Explain the events in a normal woman during her menstrual cycle on the following days :

(a) Pituitary hormone levels from 8 to 12 days.

(b) Uterine events from 13 to 15 days.

(c) Ovarian events from 16 to 23 days.


20. शहरी क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का प्रमुख कारण यही है कि हम अपने जल-निकायों की सुरक्षा करने में असफल रहे हैं । समझा कर बताइए कि द्रुत गति से होने वाला सुपोषण हमारे जल-निकायों को अवरुद्ध कर देता है जिसके कारण उनकी ऑक्सीजन दायी क्षमता समाप्त हो जाती है । **3**

Drinking water problem in our urban areas is caused mainly because we fail to protect our water bodies. Explain how accelerated eutrophication chokes our water bodies to death.

21. 'परभक्षण' क्या होता है ? उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से बताइए कि प्रचुर जैव-विविधता वाले समुदाय में इसकी क्यों आवश्यकता होती है ? **3**

What is 'predation' ? Explain with the help of suitable examples why is it required in a community with rich biodiversity.

22.




उपरोक्त आरेख में स्त्री के जनन-तंत्र का एक भाग दर्शाया गया है ।


(a) उन युग्मक कोशिकाओं का नाम बताइए जिन्हें हाल ही जन्मी बच्ची में से निकाल लिए गए भाग 'X' से प्राप्त किया गया होगा ।

(b) 'Y' भाग का नाम बताइए तथा उसका कार्य भी बताइए ।

(c) 'Z' भाग का नाम बताइए तथा यहाँ होने वाली घटनाओं की चर्चा कीजिए । **3**



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform




This diagram above shows a part of the human female reproductive system.

(a) Name the gamete cells that would be present in 'X' if taken from a newborn baby.

(b) Name 'Y' and write its function.

(c) Name 'Z' and write the events that take place here.

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

## खण्ड – D

## SECTION – D

23. संगी-साथियों का दबाव किशोरों में धूम्रपान की आदतों को बढ़ावा देने में ऋणात्मक भूमिका अदा करता है । अपने स्कूल में कप्तान होने के नाते आप अपने स्कूल के सीनियर विद्यार्थियों के साथ मिलकर कोई दो ऐसे कार्यक्रम आरंभ करना पसंद करेंगे और इसी प्रकार अपने स्कूल के अधिकारियों के कोई दो ऐसे कार्यक्रम आरंभ करना चाहेंगे जिनसे इस समस्या का सामना किया जा सके । इस कार्य को करने में कार्यक्रम किस प्रकार मदद करेंगे ? व्याख्या कीजिए । **4**

Peer pressure plays a negative role in triggering smoking habits in adolescents. As a school captain list any two activities you would like to organize with the help of senior students of your school and any other two activities you would like your school authorities to organize for the students to tackle this problem. Explain how these activities will help in doing so.

## खण्ड – E

## SECTION – E

24. rDNA प्रौद्योगिकी द्वारा इंसुलिन बनाने के अनुप्रयोग की व्याख्या कीजिए । **5**

**अथवा**

(a) PCR के एक पूरे चक्र के विभिन्न चरणों का वर्णन कीजिए ।

(b) इस प्रकार का विस्तारित DNA अनुक्रम किस कार्य के लिए किया जाता है ?

Explain the application of rDNA technology to produce insulin.

**OR**

(a) Describe the different steps in one complete cycle of PCR.

(b) State the purpose of such an amplified DNA sequence.



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

25. (a) ऐंजियोस्पर्मों में माइक्रोस्पोरोजेनेसिस की प्रक्रिया का क्रमागत वर्णन कीजिए । **5**

(b) दो कोशिका वाली अंतिम संरचना का एक नामांकित आरेख बनाइए ।

**अथवा**

(a) मानव की शुक्रजनक नलिका का काटीय दृश्य बनाइए । इस आरेख में निम्नलिखित संरचनाओं का नामांकन कीजिए तथा उनके कार्य बताइए :

सर्टोली कोशिका, शुक्राणुजननी तथा लीडिग कोशिका ।

(b) शुक्राणुजनन की प्रक्रिया में पिट्यूटरी और लिंग हॉर्मोनों की भूमिका की व्याख्या कीजिए ।

(a) Describe in sequence the process of microsporogenesis in angiosperms.

(b) Draw a labelled diagram of a two celled final structure formed.

**OR**

(a) Draw a sectional view of a seminiferous tubule of human. Label sertoli cell, spermatagonia and leydig cell on it and write their functions.

(b) Explain the role of pituitary and sex hormones in the process of spermatogenesis.

26. एक आरेख की सहायता से t-RNA की संरचना की व्याख्या कीजिए । स्थानांतरण (ट्रांसलेशन) प्रक्रिया में इसकी भूमिका का वर्णन कीजिए । **5**

**अथवा**

आपको पीले रंग तथा गोल बीज उत्पन्न करने वाला मटर का पौधा दिया गया है । इस पौधे के जीनोटाइप (जीनप्ररूप) ज्ञात नहीं हैं । इन दो लक्षणों के संदर्भ में आप किस प्रकार पता लगाएँगे कि सही-सही जीनोटाइप क्या हैं । इस क्रॉस का चित्र बनाकर स्पष्ट कीजिए, तथा उसका नाम भी बताइए ।

Explain the structure of t-RNA with the help of a diagram. Describe its role in the process of translation.

**OR**

A pea plant producing yellow coloured and round seeds is given with unknown genotypes. Explain how you would find the correct genotypes of the plants with respect to the two traits mentioned. Work out the cross and name it.

———————



collegedunia.com India's largest Student Review Platform